कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 01.04.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

आगामी लोकसभा चुनाव के मध्यनजर श्रीमान् राजेंद्रसिंह पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 31.03.2024 को पुलिस आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्र में हुक्का-बार / कैफे व स्पा सेंटर चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान सुपरविजन अधिकारी समस्त पुलिस वृत सहायक पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में समस्त पुलिस थाना अधिकारी अपने अपने थाना क्षेत्र में स्थित हुक्का-बार व स्पा सेंटर का चेकिंग करवाने के निर्देश दिए गए।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशों की पालना में पुलिस आयुक्तालय जोधपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में दौराने हुक्का-बार/ कैफे व स्पा सेंटर चैकिंग अभियान में चेक किए गए । संपूर्ण पुलिस आयुक्तालय क्षेत्राधिकार में 2.00 पीएम से शुरू इस अभियान के तहत लगभग 42 हुक्का-बार चेक किए गए। जिसमें पुलिस थाना उदय मंदिर क्षेत्र में 2 अवैध हुक्का बार संचालक के विरुद्ध धारा 9/11 धूम्रपान निषेध अधिनियम के तहत 02 प्रकरण दर्ज किऐ। 10 लोगों के विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। अधिकांश हुक्का बार बंद पाए गए । जो खुले थे उन पर किसी प्रकार की अवैध गतिविधि नहीं पाई गई।

7.00 पीएम से शुरू स्पा सेन्टर चेकिंग अभियान के तहत लगभग 75 स्पा सेंटर चैक किये गये जिसमें अधिकांश स्पा सेंटर बंद पाए गए तथा लगभग 10 लाइसेंससुदा स्पा सेन्टर खुल्ले पाए गए जिनकी चेकिंग के दौरान कोई भी अवैध गतिविधियां नहीं पाई गई।

लोकसभा चुनाव 2024 को मद्देनजर सभी हुक्का-बार व स्पा सेंटर के मालिक तथा संचालकों को पाबंद किया गया कि किसी भी प्रकार की गैर कानूनी गतिविधि संचालित नहीं करेंगे तथा संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की जानकारी होने पर तुरंत संबंधित पुलिस थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष 100/112 पर आवश्यक रूप से सूचित करेंगे।

आगामी लोकसभा चुनाव मद्देनजर आमजन से अपील की जाती है कि इस प्रकार के स्थानों पर यदि किसी प्रकार भी की संदिग्ध या गैरकानूनी गतिविधि होना पाया जाता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के शांतिपूर्वक स्वतंत्र निष्पक्ष भय मुक्त पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रूप से चुनाव संपन्न कराए जाने एवं चुनाव आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने हेतु पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में इसी प्रकार से विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाती रहेगी।

प्रभारी
पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।